**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 27 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

भारत ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में अंतरिक्ष यान ड्रैगन की सफल डॉकिंग को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिये ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन में अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पंहुचने वाले पहले भारतीय हैं। एक रिपोर्ट-

***अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में14 दिन के प्रवास में कुल साठ महत्वपूर्ण प्रयोग किए जाएंगे। शुभांशु शुक्ला इस दौरान माइक्रो ग्रैविटी से संबंधित और भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित सात प्रयोग करेंगे, जो भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। एक्सिओम-4 मिशन अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत का सर्वाधिक प्रत्यक्ष योगदान है। अंतरिक्ष केन्द्र में किए जा रहे भारत के सात प्रयोग अंतरिक्ष और पृथ्वी पर नवाचारों में महत्वपूर्ण योगदान साबित होंगे। पहला प्रयोग माइक्रो ग्रैविटी में सूक्ष्म शैवालों से संबंधित है, जो लंबी अवधि के अंतरिक्ष मिशन में जीवन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। दूसरा प्रयोग अंतरिक्ष में मूंग और मेथी जैसे अंकुरने वाले बीजों के अंकुरित होने से संबंधित हैं। इससे अंतरिक्ष यात्रियों के लिए पोषण युक्त आहार उपलब्ध होगा। तीसरा प्रयोग सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में मांसपेशियों के पुनः निर्मित होने के बारे में है। चौथा प्रयोग अतिरेक वाले वातावरण में मनुष्य के जीवित रहने की सम्भावनाओं का पता लगाएगा। पांचवा प्रयोग शून्य गुरुत्वाकर्षण में इलेक्ट्रॉनिक डिस्पले नियंत्रण प्रणाली से संबंधित हैं। छठा प्रयोग अंतरिक्ष में नाइट्रोजन स्रोत के रूप में यूरिया के इस्तेमाल से साइनो बैक्टिरिया की वृद्धि की जांच से संबंधित है। और भारत का सातवां प्रयोग अंतरिक्ष की परिस्थितियों में खाद्यान्न और सब्जियों के समायोजन से जुड़ा है। समाचार कक्ष से वीरेन्द्र कौशिक।***

*************************************************************************

हरियाणा मंत्रिमंडल ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो , एसीबी का नाम बदलकर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा करने को स्वीकृति प्रदान की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने

बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय ब्यूरो की बढ़ती भूमिका और जिम्मेदारियों की व्यापक समीक्षा के बाद लिया गया। नया नाम भ्रष्टाचार से निपटना और प्रशासनिक ढांचे के भीतर सतर्कता सुनिश्चित करना दर्शाता है।

**************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर नशे के खतरे से लड़ने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हरियाणा की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग केवल स्वास्थ्य संकट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने, राष्ट्रीय प्रगति और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार, नागरिक समाज, शैक्षणिक संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों और परिवारों को मिलकर एक समग्र और समन्वित दृष्टिकोण अपनाना होगा।श्री दत्तात्रेय ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार के मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे कठोर अभियानों की सराहना की।

************************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकारी खेल स्टेडियमों का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा खेल सामग्री भी मुहैया कराई जाएगी ताकि हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में और अधिक पदक जीत सकें ।कल चंडीगढ़ में खेल विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक खेल राज्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समय-समय पर खेल स्टेडियमों का दौरा करें और खिलाड़ियों से जाने कि उन्हें क्या-क्या दिक्कत आ रही है। इन समस्याओं का जल्द समाधान भी कराएं, ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास करने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि खेल नर्सरियों व खेल अकादमियों का बेहतर ढंग से संचालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

************************************************************************

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, इग्नू ने 12वीं पास छात्रों के लिए इस वर्ष जुलाई सत्र से बीए होम साइंस कोर्स की शुरुआत की है।क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया कि इग्नू का यह स्नातक पाठ्यक्रम मुक्त एंव दूरस्थ शिक्षा मोड में उपलब्ध होगा। यह कोर्स हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में होगा। उन्होंने बताया कि इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सिलेबस और क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुसार तैयार किया गया है और यह नई शिक्षा नीति 2020 के दिशा-निर्देशों पर आधारित है। इस पाठ्यक्रम की अवधि वैसे तो तीन साल की होगी, लेकिन छात्र इसे अधिकतम छह साल में पास कर सकते हैं। परीक्षा हर साल एक बार ही आयोजित की जाएगी। पाठयक्रम के बारे में और जानकारी इग्नू के लिंक ignouadmission.samarth.edu.in पर उपलब्ध है।

**********************************************************************

जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 कीकक्षा छठी में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। परीक्षा 13 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे आयोजित होगी। 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच जन्मेंछात्र दाखिला लेने के लिए पात्र है वह CBSEITMS.RCIL.GOV.IN या NVS website पर आवेदन कर सकते है।

*********************************************************************